कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जल भवन, बाणगंगा, भोपाल

क्रमांक 1739 / विधि / प्र.अ. / लोस्वायांवि. / 2025 भोपाल, दिनांक 20/2/25

प्रति,

(1) मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परिक्षेत्र भोपाल / इंदौर / जबलपुर / ग्वालियर /
वि. / या. परिक्षेत्र भोपाल

(2) समस्त अधीक्षण यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मंडल ..............................................

(3) समस्त कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खंड ..............................................

विषय :— न्यायालयीन प्रकरणों के समुचित प्रबंधन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग, मुख्य सचिव महोदय, वित्त विभाग, विधि विभाग एवं विभाग द्वारा समय—समय पर जारी किये गये परिपत्रों का संकलन विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराने विषयक।

00

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शासन के विरूद्ध दायर होने वाले न्यायालयीन प्रकरणों के समुचित प्रबंधन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग, मुख्य सचिव महोदय, वित्त विभाग, विधि विभाग एवं विभाग द्वारा समय—समय पर परिपत्रों / पत्रों के माध्यम से, न्यायालयीन प्रकरणों के प्रभावी प्रतिरक्षण और न्यायालयीन निर्णयों के परिपालन से संबंधित विभिन्न प्रकार की काार्यवाहियों के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये हैं। ऐसे सभी परिपत्रों का एक अद्यतन एवं वृहद संकलन विभागीय वेबसाइट www.phed.mp.gov.in पर Employee's Corner शीर्षक के अंतर्गत Legal सेक्शन में सरल कमांक 80 पर आपके सुलभ संदर्भ हेतु उपलब्ध कराया गया है।

आपको निर्देशित किया जाता है कि आप इन परिपत्रों में निहित दिशा निर्देशों के अनुरूप न्यायालयीन कार्यवाहियों का संपादन समय—सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, तथा न्यायालयीन प्रकरणों के निपटारे के दौरान आवश्यक दिशा निर्देशों की आवश्यकता महसूस होने पर इन परिपत्रों में निहित दिशा निर्देशों / मार्गदर्शन के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

19.2.2025
प्रमुख अभियंता

पृ0क्रमांक 1739 /विधि/प्र.अ./लोस्वायांवि./2025 भोपाल, दिनांक 20/2/25

प्रतिलिपी :–

1. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. अधीक्षण यंत्री (प्रशासन) कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल भवन, बाणगंगा, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

19.2.25

प्रमुख अभियंता